# PRACTICE SET-5

1. **तुलसी की भक्ति-भावना किस प्रकार की थी?**
   a. दास्य भाव की    b. घृणा भाव की
   c. प्रेम भाव की    d. सखा भाव की
2. **''किन्नर देश में'' यात्रा-संस्मरण के लेखक कौन हैं?**
   a. राहुल सांकृत्यायन    b. माखनलाल चतुर्वेदी
   c. भगवतीचरण वर्मा    d. सुमित्रानंदन पंत
3. **प्रगतिशील लेखक संघ का पहला अधिवेशन किस वर्ष में हुआ था?**
   a. सन् 1938    b. सन् 1936
   c. सन् 1943    d. सन् 1954
4. **दिए गए विकल्पों में से 'कोढ़ में खाज होना'' – इस मुहावरे के अर्थ को दर्शाता सही विकल्प कौन-सा है?**
   a. किसी बीमार व्यक्ति को अन्य बीमारी होना
   b. दु:ख पर और दु:ख होना
   c. समस्याओं में कमी होना
   d. समस्या का समाधान हेतु साधनों का अभाव
5. **दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें।**
   **शरीर की सुंदरता .......... है उसका चेहरा और चेहरे की सुंदरता .......... है उसकी आँखें।**
   a. होता, होती    b. होता, होता
   c. होती, होती    d. होती, होता
6. **मामा का बहुवचन बताएं ..........।**
   a. मामा    b. मामावर्ग
   c. मामागण    d. मामालोग
7. **दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें।**
   **विश्व में ........... पांच व्यक्तियों में से चार व्यक्ति विकास ... ....... देश में रहते हैं।**
   a. हर, पूर्वक    b. आज, केंद्रित
   c. पैदा, मुक्त    d. प्रत्येक, शील
8. **दिए गए विकल्पों में से 'नम्रता' का समानार्थी शब्द कौन-सा है?**
   a. मुलायम    b. साधारण
   c. अभद्रता    d. विनीत
9. **''एक लड़का स्कूल जा रहा है'', इस वाक्य में विशेषण पहचानिए।**
   a. समुदायवाचक    b. गणवाचक
   c. आवृत्तिवाचक    d. क्रमवाचक
11. **दिए गए विकल्पों में से 'वधू' का बहुवचन कौन-सा है?**
   a. वधूएं    b. वधुओं
   c. वधुएं    d. वधुये
11. **''जहां जड़ पर चेतन का आरोप हो'', वहां अलंकार होता है।**
   a. उपमा    b. मानवीकरण
   c. अनुप्रास    d. श्लेष
12. **निम्न में से कौन-सी कृति सन् 1963 में साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता ''अमृत राय'' की है?**
   a. प्रेमचंद : कलम का सिपाही
   b. रागदरबारी
   c. निराला की साहित्य साधना
   d. मुक्तिबोध
13. **दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थानों को भरें-**
   **सड़क को .......... करने से लेकर इमारतों को लाल पत्थर और नानक शाही ईंटों से .......... झलक देने की कोशिश की गई है।**
   a. चमचमा, आधुनिक    b. चौड़ा, विरासती
   c. ठीक, सुंदर    d. साफ, पसंदीदा
14. **'कहार' का लिंग बदलें।**
   a. कहारिइन    c. कहार
   b. कहारिन    d. काहूराइन
15. **''पृथ्वीराज रासो'' किस कवि की रचना है?**
   a. जगनिक    b. सारंगधर
   c. चंदबरदाई    d. नरपति नाल्ह
16. **''कहे कवि बेनी-बेनी व्याल की चुराई लीनी।'' इसमें कौन से अलंकार का प्रयोग हुआ है?**
   a. रूपक    b. यमक
   c. अन्योक्ति    d. उपमा
17. **दिए गए विकल्पों में से ''कृतघ्न'' का अर्थ दर्शाता सही विकल्प कौन-सा है?**
   a. किसी का धन    b. अहसान फरामोश
   c. अहसानमंद    d. कृतज्ञ

**निर्देश (18 से 20)- गद्यांश पढ़ें एवं निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनें-**

सी. वी. रमन भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे। वे बचपन से ही शरीर से दुबले-पतले थे, किंतु बुद्धि के धनी थे। अस्वस्थता के कारण वे विदेश न जा सके। पर इन्होंने अपनी प्रतिभा से साबित कर दिया कि यदि प्रतिभा हो तो विदेश जाकर पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। इन्होंने कोलकाता के साइंस कॉलेज में प्राध्यापक के पद पर कार्य किया। यद्यपि इस पद के लिए विदेशी प्रमाण-पत्र आवश्यक था पर इनकी योग्यता पर मुग्ध होकर उपकुलपति ने इन्हें छूट दे दी। इन्होंने नए-नए प्रयोग किए। प्रकाश किरणों पर इनका शोध कार्य रमन-प्रभाव के नाम से विख्यात हुआ जिस पर इन्हें नोबेल पुरस्कार मिला।

**18. सी. वी. रमन ने कोलकाता के साइंस कॉलेज में कौन-सा पद ग्रहण किया?**

**a.** वैज्ञानिक **b.** उपकुलपति

**c.** प्राध्यापक **d.** अध्यापक

**19. ''बुद्धि के धनी'' का अर्थ क्या है?**

**a.** अमीर परिवार से **b.** अच्छी तालीम मिली थी

**c.** माता-पिता बुद्धिजीवी थे **d.** प्रखर बुद्धि

**20. ''शोध'' का अर्थ क्या है?**

**a.** महत्वपूर्ण **b.** अनुसंधान

**c.** विज्ञान **d.** शूरवीर

**21. निम्न में से कौन-सा भूतकाल के भेद में नहीं आता है?**

**a.** संभाव्य **b.** अपूर्ण

**c.** पूर्ण **d.** सामान्य

**22. ''चिरजीवो जोरी जुरे क्यों न सनेह गंभीर।'' इसमें कौन-से अलंकार का प्रयोग हुआ है?**

**a.** उपमान **b.** उपमेय

**c.** श्लेष **d.** अनुप्रेक्षा

**23. 'कामायनी' किस युग की रचना है?**

**a.** प्रगतिवाद **b.** प्रयोगवाद

**c.** रहस्यवाद **d.** छायावाद

**24. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध है, पहचानिए -**

**a.** शादी के कार्यक्रम दस दिनों तक चलता रहा।

**b.** भारतीय परंपरा के अनुसार मनुष्य को परम सत्ता का साक्षात् ज्ञान हो सकता है।

**c.** महाभारत हिन्दुओं का एक प्रमुख काव्य ग्रंथ है।

**d.** जब जातिवाद पनपता है, तो वह किसी दूसरी जाति के खिलाफ ही पनपता है।

**25. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें- भारत विश्व की उन प्रथम सभ्यताओं में से है, जहाँ सिक्कों का ........... शुरू हुआ।**

**a.** विकार **b.** प्रचलन

**c.** परिवर्तन **d.** उलट-फेर

**26. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरें। ''इंडोनेशिया में एक बार फिर ज्वालामुखी ने ...... बरपाया है।''**

**a.** कहर **b.** तहलका

**c.** क्रोध **d.** रूप

**27. दिए गए विकल्पों में से 'थल' का विरुद्धार्थी शब्द कौन-सा है।**

**a.** जल **b.** कपट

**c.** वायु **d.** भोज

**28. निम्न वाक्य में कौन-से हिस्से में त्रुटि रह गई है? करवा चौथ के व्रत की पूर्ण वर्णन वामन पुराण में किया गया है।**

**a.** व्रत की पूर्ण **b.** करवा चौथ के

**c.** वर्णन वामन पुराण **d.** में किया गया है।

**29. अजगर करे ना .......... पंछी करे ना काम, दास मलूका कह गए सब के दाता ..........।'' दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करके इस लोकोक्ति को पूरा करें।**

**a.** चाकरी, राम **b.** नौकरी, धाम

**c.** मजदूरी, शाम **d.** श्रम, आम

**30. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा 'अतुल' का समानार्थी शब्द नहीं है?**

**a.** अनोखा **b.** अनल

**c.** अनुपम **d.** अपूर्व

**31. ''मोहन तुमसे चौगुना काम करता है'', इस वाक्य में विशेषण पहचानिए।**

**a.** आवृत्तिवाचक **b.** सार्वनामिक

**c.** परिमाणवाचक **d.** संकेतवाचक

**32. 'धूरि' का मानक शब्द रूप लिखिए।**

**a.** ध्यान **b.** धूल

**c.** धर्म **d.** पृथ्वी केंद्र

**33. निम्न वाक्य में कौन-से हिस्से में त्रुटि रह गई है? कुछ लोगों को लगता है की बदला लेने से कलेजे को ठंडक पहुँचती है।**

**a.** बदला लेने से कलेजे **b.** को ठंडक पहुँचती है।

**c.** कुछ लोगों को **d.** लगता है की

**34. दिए गए विकल्पों में से 'लिपि' का बहुवचन कौन-सा है?**

**a.** लिपि **b.** लिपीयाँ

**c.** लीपियाँ **d.** लिपियाँ

**35. दिए गए विकल्पों में से 'उष्ण' का विरुद्धार्थी शब्द कौन-सा है?**

**a.** दुष्ट **b.** शीत

**c.** सक्रिय **d.** उग्र

**36. ''कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय ये खाए बौरात हैं वे पाए बौराया'' इसमें कौन-से अलंकार का प्रयोग हुआ है?**

**a.** यमक **b.** अनुप्रास

**c.** उपमा **d.** श्लेष

**37. निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध है, पहचानिए-**

**a.** स्वयं वे तक भी अपनी बिमारी को लेकर दुखी थे।

**b.** हम जानते हैं कि सूर्य ऊर्जा का एक अथाह भण्डार है।

**c.** युद्ध के समय गीता को लिखना कृष्ण के ही बस की बात थी।

**d.** शुष्क इलाकों में पानी की आपूर्ति के लिए बारिश या बर्फबारी बढ़ाई जा सकती है।

**38. ''सांप को दूध पिलाना।'' दिए गए विकल्पों में इस मुहावरे के सही अर्थ का चयन करें।**

**a.** बुरे व्यक्ति के साथ नेकी करना

b. सांप के विष को कम करना

c. जहरीले जीव को दूध पिलाना

d. अच्छा कार्य करना

**39. 'एकाकिनी' का लिंग बदलें।**

a. एक b. एकाकिन

c. एकाकिनी d. एकाकी

**40. दिए गए विकल्पों में से 'फितरत' का समानार्थी शब्द कौन सा है?**

a. स्वभाव b. खूबसूरत

c. आराम d. समय

**41. 'लौकिक' शब्द में प्रत्यय है–**

a. लोइक b. किक

c. अक d. इक

**42. किस रस का संचारी भाव उग्रता, गर्व, हर्ष आदि है?**

a. श्रृंगार b. वीर

c. वात्सल्य d. रौद्र

**43. 'सद्गति' शब्द में समास होगा-**

a. तत्पुरुष समास b. कर्मधारय समास

c. अव्ययीभाव समास d. द्विगु समास

**44. 'उज्जवल' में प्रयुक्त संधि है–**

a. गुण संधि b. व्यंजन संधि

c. विसर्ग संधि d. दीर्घ संधि

**45. ''हमारे देश में जयचंदों की कमी नहीं है'' में 'जयचंदों' संज्ञा के किस भेद के अंतर्गत आता है?**

a. व्यक्तिवाचक b. समूह वाचक

c. जातिवाचक d. भाववाचक

**46. 'कोई आ रहा है'- वाक्य में 'कोई' किस प्रकार का सर्वनाम है?**

a. अनिश्चयवाचक b. निश्चयवाचक

c. संबंधवाचक d. निजवाचक

**निर्देश (47-50): निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा और प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प का चयन कीजिए।**

इस युग में युवक के चित्त को जिस नई विधा ने सबसे अधिक प्रभावित किया है, वह हैं मनोविश्लेषण मनोविज्ञान और मनोविश्लेषण शास्त्र नि:सन्देह यह पठनीय शास्त्र है। इन्होंने हमारे मन के भीतर चलती रहने वाली अलक्ष्य धाराओं का ज्ञान कराया है, परन्तु यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि ''साँच मिले तो साँच है, न मिले तो झूठ'' वाली बात सार्वदेशिक होती है। मनोविश्लेषण शास्त्र मनुष्यों की उद्भासित विचार निधियों का एक अंकिचन अंश मात्र है। जीवन शास्त्र और पदार्थ विज्ञान के क्षेत्र में जो नवीन तथ्य मालूम हुए हैं, उसके साथ इस शास्त्र के अनुसन्धानों का सामंजस्य स्थापित किया जा सकता। फिर भी इतना तो निश्चित है, कि मानव विश्लेषण के आचार्यों के प्रचारित तत्ववाद में से कुछ विचार इन दिनों वायुमंडल में व्याप्त है। नवीन साहित्यकार उन्हें अनायास पा जाता है, परंतु इन विचारों को संयमित और नियंत्रित करने वाले प्रतिकूलगामी शास्त्रीय परिणाम उसे इतनी आसानी से नहीं मिलते। इसका परिणाम यह हुआ है, कि हमारा नवीन साहित्यकार इन विचारों के मायाजाल को आसानी से काट नहीं पाता। वह कुछ इस प्रकार सोचता है, कि अब चेतन चित्त की शक्तिशाली सत्ता हमारे चित के विचारों और कार्यों को रूप दे रही है। हम तो कुछ सोच समझ रहे हैं, वैसे ही सोचने और समझने का हेतु हमारे अंजाम के हमारे ही अवचेतन चित्त में वर्तमान है और यह जो हम सोच रहे हैं, समझ रहे हैं और सोच-समझकर कर रहे हैं। इन बातों का अभिमान करने वाला हमारा चेतन चित्त कितना नगण्य है, अदृश में वर्तमान हमारी अवदमित वासनाओं को प्रसुप्त कामनाओं के महासमुद्र में यह दृश्य चेतन चित्त बोतल के कॉर्क के समान उतर रहा है, अदृश्य महासमुद्र की प्रत्येक तरंग इसे अभिभूत कर जाती है।

**47. वह दृश्य चेतन चित्त–**

a. अवदमित और प्रसुप्त कामनाओं के महासमुद्र में बोतल के कार्क के समान उतर रहा है।

b. अवचेतन के महासमुद्र से प्रेरणा ग्रहण करता रहता है।

c. अवचेतना की रद्दी की टोकरी में पड़ा रहता है।

d. अवदमित और प्रसुप्त कामनाओं के महासमुद्र से संयोग करने के लिए प्रयत्नशील रहता है।

**48. नीचे लिखे वाक्यों में से किस में विराम चिन्हों का सही प्रयोग हुआ है?**

a. हाँ मैं सच कहता हूँ बाबू जी, माँ बीमार है। इसलिए मैं नहीं गया

b. हाँ मैं सच कहता हूँ। बाबू जी, माँ बीमार है। इसलिए मैं नहीं गया

c. हाँ, मैं सच कहता हूँ बाबू जी माँ बीमार है, इसलिए मैं नहीं गया

d. हाँ मैं सच कहता हूँ, बाबू जी माँ बीमार है इसलिए मैं नहीं गया

**49. उपरोक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक चुनिए–**

a. चेतन और अवचेतन चित्त का सम्बन्ध

b. मनोविश्लेषण शास्त्र का महत्त्व

c. मनोविश्लेषण और साहित्य का सम्बन्ध

d. मनोविश्लेषण शास्त्र का मायाजाल

**50. हमारे चेतन चित्त के विचारों और कार्यों को–**

a. हमारी चिन्तन पद्धति रूप दे रही है।

b. हमारी भावनाएँ रूप दे रही हैं।

c. हमारे अवचेतन चित्त की शक्तिशाली सत्ता ही रूप देती है।

d. हमारा चेतन चित्त रूप दे रहा है।

## व्याख्या सहित उत्तर

**1.** **(a)** तुलसीदासजी की भक्ति भावना दास्य भाव की है। वे स्वयं को सेवक और प्रभु राम को स्वामी मानते हैं।

**2.** **(a)** 'किन्नर देश में' यात्रा-संस्मरण के रचनाकार राहुल सांकृत्यायन हैं, इसके अतिरिक्त उन्होंने 'मेरी लद्दाख यात्रा', 'मेरी तिब्बत यात्रा', 'रूस में पच्चीस मास' आदि यात्रा-संस्मरणों की रचना की है।

**3.** **(b)** **4.** **(b)**

**5.** **(a)** प्रस्तुत वाक्य में प्रयुक्त 'चेहरा' शब्द पुल्लिंग है तथा 'आँख' शब्द स्त्रीलिंग है। अत: पंक्ति के प्रथम रिक्त स्थान पर 'होता' तथा द्वितीय रिक्त स्थान पर 'होती' शब्द का प्रयोग होगा।

**6.** **(a)** आकारान्त संबंधसूचक शब्दों में बहुवचन बनाते समय कोई परिवर्तन नहीं होता है।

**7.** **(d)** **8.** **(d)**

**9.** **(b)** 'एक लड़का स्कूल जा रहा है। इस वाक्य में गणनावाचक विशेषण है। गणनावाचक विशेषण में किसी संख्या की निश्चित गिनती का बोध होता है प्रस्तुत वाक्य में 'एक' गिनती का ही बोध करा रहा है।

**10.** **(c)**

**11.** **(b)** ''जहां जड़ पर चेतन का आरोप हो'', वहां मानवीकरण अलंकार होता है।

**12.** **(a)** 'प्रेमचंद: कलम का सिपाही' प्रस्तुत रचना अमृत राय द्वारा रचित प्रेमचंद की जीवनी है।

**13.** **(b)** **14.** **(c)**

**15.** **(c)** पृथ्वीराज चौहान के दरबारी कवि चंदबरदाई द्वारा रचित 'पृथ्वीराज रासों' को हिन्दी का प्रथम महाकाव्य माना जाता है। इसमें पृथ्वीराज चौहान की वीरता का वर्णन किया गया है।

**16.** **(b)** ''कहे कवि बेनी बेनी व्याल की चुराई लीनी।'' प्रस्तुत पंक्ति में प्रथम 'बेनी' का अर्थ बेनी कवि तथा द्वितीय 'बेनी' का अर्थ 'चोटी' है। पंक्ति में 'बेनी' शब्द के दो बार प्रयुक्त होने और दोनों बार भिन्न अर्थ प्रकट करने के कारण इसमें यमक अलंकार है।

**17.** **(b)** **18.** **(c)** **19.** **(d)**

**20.** **(b)** 'शोध' का अर्थ अनुसंधान होता है।

**21.** **(a)** भूतकाल के छ: भेद हैं - सामान्य, आसन्न, पूर्ण, अपूर्ण, संदिग्ध तथा हेतुहेतुमद।

**22.** **(c)** ''चिरजीवो जोरी जुरे, क्यों न सनेह गंभीर।

को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के बीर''

इस पंक्ति में श्लेष अलंकार है। हालांकि प्रथम पंक्ति से इसका अर्थ स्पष्ट नहीं हो रहा है। जिस काव्य में कोई शब्द एक बार प्रयुक्त हो तथा उसके दो या अधिक अर्थ हों, तो वहाँ श्लेष अलंकार होता है। पंक्ति 'वृषभानुजा' के दो अर्थ हैं - एक वृषभानु की पुत्री राधिका तथा दूसरा बैल की बहन अर्थात् गाय। इसी प्रकार 'हलधर' के भी दो अर्थ हैं- बलराम तथा बैल।

**23.** **(d)** ''कामायनी'' महाकाव्य जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित छायावाद युग की रचना है।

**24.** **(a)** **25.** **(b)** **26.** **(a)**

**27.** **(a)** 'थल' का विलोम शब्द 'जल' होता है।

**28.** **(a)** प्रस्तुत वाक्य में व्रत की पूर्ण' का प्रयोग त्रुटिपूर्ण है। इसके स्थान पर 'व्रत का पूर्ण' होना चाहिए।

**29.** **(a)** प्रस्तुत पंक्तियाँ मलूकदास जी की हैं। उनका कहना था कि -

''अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम।

दास मलूका कह गए, सब के दाता राम।।''

**30.** **(b)** 'अनल' अग्नि का समानार्थी है।

**31.** **(a)** प्रस्तुत वाक्य में 'चौगुना' आवृत्तिवाचक निश्चित संख्यावाचक विशेषण है।

**32.** **(b)**

**33.** **(d)** प्रस्तुत वाक्य में विकल्प (d) लगता है की त्रुटिपूर्ण है। इसके स्थान पर 'लगता है कि' का प्रयोग होना चाहिए।

**34.** **(d)**

**35.** **(b)** 'उष्ण' का विलोम शब्द 'शीत' होता है।

**36.** **(a)** जब काव्य में एक शब्द की आवृत्ति बार-बार हो और प्रत्येक बार उसका अर्थ भिन्न निकले, वहाँ पर यमक अलंकार होता है। प्रस्तुत पंक्ति में यमक अलंकार है। यहाँ पहले कनक का अर्थ 'धतूरा' तथा दूसरे कनक का अर्थ 'सोना' (स्वर्ण) है।

**37.** **(a)** **38.** **(a)** **39.** **(d)** **40.** **(a)**

**41.** **(d)** लोक-लौकिक-औ (वृद्धि)।

**42.** **(b)** वीर रस के संचारी भाव, उग्रता, गर्व, हर्ष आदि होते हैं।

**43.** **(a)**

**44.** **(b)** उज्जवल में प्रयुक्त संधि व्यंजन संधि है जैसे- उत् + ज्वल = उज्जवल। व्यंजन के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से उस व्यंजन में जो रूपान्तरण होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं।

**45.** **(c)** जिस संज्ञा से एक प्रकार की अनेक वस्तुओं, व्यक्तियों, प्राणियों आदि का बोध होता हो, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। अंग्रेजी में द्रव्यवाचक एव समूहवर्त वाचक संज्ञा जातिवाचक संज्ञा के अन्तर्गत आते है। प्रश्नानुसार जयचंदों संज्ञा के जाति वाचक भेद के अन्तर्गत आता है। हिन्दी में व्यक्तिवाचक, जातिवाचक एवं भाववाचक तीन संज्ञाएँ होती हैं।

**46.** **(a)** 'कोई आ रहा है' वाक्य में 'कोई' शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। जो शब्द अनिश्चित प्राणी, पदार्थ अथवा वस्तु के बदले प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें अनिश्चय वाचक सर्वनाम कहते हैं। यहाँ किसी अनिश्चित व्यक्ति के लिए 'कोई' शब्द प्रयुक्त है। अत: यह अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। 'कुछ' एवं 'कोई' अनिश्चयवाचक सर्वनाम हैं।

**47.** **(a)** **48.** **(a)** **49.** **(a)** **50.** **(c)**

❑❑❑